Title: Need to provide financial assistance to the Government of Haryana for modernisation of police force with a view to combat terrorism - Laid.

डॉ0 सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा): अध्यक्ष महोदय, सीमा पार के आतंकवाद ने आज देश में ऐसा माहौल पैदा कर दिया है कि कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं कहा जा सकता। विदेशी आतंकवादियों का मुख्य निशाना राजधानी दिल्ली होने के साथ साथ दिल्ली से सटे प्रदेश भी इसके कुप्रभाव से बच नहीं पा रहे हैं। नियोजित अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि पड़ौसी प्रदेशों की पुलिस में तालमेल बनाया जाये। प्रशिक्षण के साथ साथ सुरक्षा कर्मियों के लिए बेहतर शस्त्र, बेहतर गतिशील संसाधन आवश्यक हैं। तभी वे आज के बिगड़े वातावरण में अपना कर्तव्य पूरा कर पायेंगे। हरियाणा राज्य सरकार की ओर से पुलिस आधुनिकीकरण के लिए केन्द्र सरकार से धन के लिए आग्रह किया गया है। साथ ही मौजूदा केन्द्र सरकार की राज्य सरकार को धन देने की रीति-नीति में भी परिवर्तन करने का भी आग्रह किया गया है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि अविलम्ब हरियाणा सरकार की प्रार्थना-पत्र पर अमल करने के लिए कायवाही की जाये।